DIRECTORATE GENERAL OF HOME GUARDS
Government of National Capital Territory of Delhi

F.No. 51(2)/HG/CTI/ADM/22/2009/5090—5130 Dated- 21/08/2012

परिपत्र

कार्यालय के सभी कर्मचारियों व अफसरों से अनुरोध किया जाता है कि नीचे दिए गए बिजली बचाने के सुझावों पर अमल करके इस महानिदेशालय में बिजली की खपत को कम करने में अपना योगदान दें।

बिजली बचत के टिप्सः—

1. जब उपयोग में न हो, बत्ती बंद कर दें।
2. ट्यूबलाइट्स और बल्ब्स को नियमित रूप से साफ करें। इन पर गंदगी जमा होगी, तो ये 50 प्रतिशत रोशनी
 सोख लेंगे।
3. साधारण बल्बों की जगह ऊर्जा कुशल सीएफएल लगवाएं, जो 80 प्रतिशत तक कम बिजली का उपयोग करती हैं।
4. एसी थर्मोस्टैट को 25 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, ताकि कम से कम कीमत पर बेहतर आराम मिले। जहां तक संभव हो, एयर कंडीशन वाले कमरे का दरवाजा बंद रखें। हर महीने एसी फिल्टर की सफाई करें। उच्चतर कटआफॅ तापमान अपने एयर कंडीशनर के लिए सेट करे, और उपयोग में न हो, तो स्विच ऑफ कर दें।
5. यह सुनिश्चित करें कि रेफ्रिजरेटर गर्मी वाले किसी भी स्थान से दूर हो। सूर्य की सीधी रोशनी भी न पड़े। हवा के निर्बाध आवागमन के लिए रेफ्रिजरेटर के आसपास पर्याप्त जगह छोड़ें। यदि गर्मी नहीं भागती है, तो कूलिंग सिस्टम को और भी कठिन परिश्रम करना पड़ेगा और इसमें बिजली की ज्यादा खपत होगी। यदि मैनुअल डिफ्रॉस्ट रेफ्रिजरेटर है, तो नियमित रूप से फ्रीजर कंपार्टमेंट को डिफ्रॉस्ट करते रहें।
6. अपने रेफिज्ररटेर के दरवाजे को लंबे समय तक खुला न छोड़ें। डोर गैस्केट की स्थिति को समय समय पर चेक करते रहें।
7. जब उपयोग में न हो तो कम्प्यूटर को ऑफ कर दें। खपत हुई कुल बिजली का आधा से अधिक हिस्सा मॉनिटर उपयोग कर लेता है। यदि आपको कंप्यूटर ऑन भी रखना हो, तो मॉनिटर को ऑफ कर ही दें। स्क्रीन सेवर बिजली की कोई बचत नहीं करते। कंप्यूटर को स्टार्ट करने और शट

Nishkam Sewa Bhawan, CTI Complex ,Raja Garden New Delhi-27
Phone No. – 011-25448148, Fax No. 011-25107058
Email – dghome@nic.in

DIRECTORATE GENERAL OF HOME GUARDS
Government of National Capital Territory of Delhi

डाउन करने में बिजली का अतिरिक्त उपयोग नहीं होता और न ही इससे कंप्यूटर को कोई नुकसान पहुंचता है।

8. डीवीडी प्लेयर, टीवी, एसी और मोबाइल फोन चार्जर जैसे उपकरणों को स्टैंड बाय मोड पर न रखें क्योंकि आपका बिजली मीटर ऐसी स्थिति में भी बिजली की खपत को रेकॉर्ड करता है।

(राहुल सूदन)
कनिष्ठ स्टाफ अधिकारी (वेलफेयर)
संपदा अधिकारी

F.No. 51(2)/HG/CTI/ADM/22/2009/5090 – 5130 Dated- 17/08/2012

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः-

1. निजी सहायक महानिदेशक गृह रक्षक
2. निजी सहायक कार्यालय प्रमुख/समादेष्टा (के.प्र.सं)
3. जे.एस.ओ. (गृह रक्षक)/जे.एस.ओ (के.प्र.सं.)/ जे.एस.ओ. (वेलफेयर)/ जे.एस.ओ. (नागरिक सुरक्षा)
4. सभी शाखा प्रमुख
5. प्रशिक्षण प्रमुख
6. सुविधा केन्द्र, नोटिस बोर्ड
7. आई टी सैंटर वैब अपलोड करने के लिए।
8. सभी जिला कार्यालय गृह रक्षक।

(राहुल सूदन)
कनिष्ठ स्टाफ अधिकारी (वेलफेयर)
संपदा अधिकारी

Nishkam Sewa Bhawan, CTI Complex ,Raja Garden New Delhi-27
Phone No. – 011-25448148, Fax No. 011-25107058
Email – dghome@nic.in

Server Room